प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 18.08.2025 समय : 07:10AM

मुख्य समाचार :-

- महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप-राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार बनाए गए।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- मध्यप्रदेश को बनाएंगे मिल्क केपिटल, गाय का दूध भी खरीदेगी सरकार।
- नकली खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ पूरे देश में चलेगा अभियान। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश।
- मौसम विभाग ने खरगोन, बड़वानी, धार, झाबुआ सहित 14 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी दी।

**एनडीए उपराष्ट्रपति उम्मीदवार**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप-राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के उम्मीदवार होंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कल नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने इस फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सहमति से उपराष्ट्रपति चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों के साथ समन्वय का प्रयास करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार मनोनीत करने के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के फैसले का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक सेवा के लम्बे दौर में अपनी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से अलग पहचान बनायी है। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा जनसेवा और समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण का प्रयास किया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी श्री राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार मनोनीत किये जाने पर बधाई दी है।

**मिल्क केपिटल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर वर्ष 2028 तक मध्यप्रदेश को मिल्क केपिटल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी, वो भी ज्यादा दाम पर। डॉ. यादव ने यह घोषणा कल रतलाम के कुंडाल गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने यहां 246 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न 57 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए राज्य सरकार ने तय किया है कि 25 गाय और 42 लाख रुपये तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर पशुपालक को 10 लाख रुपये प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रुप में माफ करेगी।

**राज्यपाल- सिविल सेवा**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिविल सेवा में चयनित लोकसेवक केन्द्र और राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी गरीब, वंचित और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहें और उनकी मदद आगे बढ़कर करें। श्री पटेल कल भोपाल में संकल्प संस्थान से चयनित सिविल सेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों को सफलता की शुभकामनाएं दी। श्री पटेल ने कहा कि ऋग्वेद के अनुसार ज्ञानी लोग अज्ञानियों को भी ज्ञानवान बनाते हैं, अर्थात शिक्षा की उपयोगिता अशिक्षितों को भी शिक्षित बनाने में ही है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो परिवार और समाज में बदलाव लाती है।

**शुभांशु शुक्ला- संसद चर्चा**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा होगी। लोकसभा में होने वाली चर्चा का विषय है- "अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री-विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका।" माना जा रहा है कि यह चर्चा संसद में जारी गतिरोध को खत्म कर सकती है और भारत की नई उपलब्धि को सम्मान देगी। श्री शुक्ला जून-जुलाई में दो सप्ताह के अंतरिक्ष मिशन से लौटे। दिल्ली पहुंचने पर कल उनका जोरदार स्वागत किया गया था।

**शिवराज- सोयाबीन फसल**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल प्रदेश के रायसेन ज़िले के छीरखेड़ा गाँव में सोयाबीन के खेतों का औचक निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री को शिकायत मिली थी कि खरपतवारनाशक दवा डालने से किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह नुकसान HPM कंपनी की दवा डालने से हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि यह समस्या सिर्फ एक खेत तक सीमित नहीं है, बल्कि कई किसानों ने ऐसी शिकायतें की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस मामले में की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय वैज्ञानिकों का दल प्रभावित खेतों का निरीक्षण करेगा और जांच कर दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री चौहान के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- ICAR द्वारा तत्काल जांच समिति गठित कर दी गई है। यह समिति आज खेतों में जाएगी और फसल को हुए नुकसान की जांच करेगी।

**एड्स नियंत्रण-जागरूकता अभियान**

प्रदेश के सभी जिलों के साथ गुना में भी 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सघन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एड्स नियंत्रण के लिए जागरुकता के कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पेश है गुना से हमारे संवाददाता रोहित गोस्वामी की रिपोर्ट-

*गुना जिले में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के संबंध में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर अनुराग जैन ने अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया.........*

**आधार कार्ड-स्कूल**

प्रदेश के स्कूली बच्चों के आधार कार्ड के लिए "विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार" अभियान संचालित किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने बताया कि आधार कार्ड बनाने के लिए शहर में 4 संकुल स्कूलों और बैरसिया के तीन स्कूलों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड के लिए सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए शिविर लगाए जाएंगे। उधर खंडवा जिले में भी सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। श्योपुर जिले के 4, विजयपुर और कराहल के 3-3 स्कूलो में आधार कैम्प के आयोजन किए जाएंगे।

**नीरज चोपड़ा - डायमंड लीग**

मौजूदा विश्व चैंपियन और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने इस वर्ष के डायमंड लीग फ़ाइनल में जगह पक्की कर ली है। फाइनल 27 और 28 अगस्त को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होगा। हाल ही में सिलेसिया चरण में भाग न लेने के बावजूद, चोपड़ा का इस सत्र का प्रदर्शन उनके क्वालीफाइ करने के लिए पर्याप्त था। नीरज ने पेरिस चरण में 88 दशमलव एक-छः मीटर तक भाला फेंक कर जीत हासिल की। उन्होंने दोहा में 90 दशमलव दो-तीन मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया। नीरज ने इससे पहले 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीता था। वर्ष 2023 और 2024 में नीरज उपविजेता रहे थे। हालाँकि, उन्होंने अभी तक ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

**मौसम**

प्रदेश में मालवा-निमाड़ के कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के पश्चिम-दक्षिण हिस्से से मानसून ट्रफ गुजर रही है। वहीं, कम दवाब का क्षेत्र भी सक्रिय है। इस वजह से इंदौर, उज्जैन संभाग में ही ज्यादा बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज खरगोन, बड़वानी, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश होने का अनुमान है। वहीं विभाग ने देवास, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

**संक्षिप्त समाचार**

ऽ छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ होने वाले विशेष संवाद हेतु आमंत्रित किया गया है। यह संवाद आज दोपहर • • बजे से • बजे तक नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित होगा।•

ऽ मंडला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के युक्तियुक्तकरण के प्राप्त प्रस्तावों पर कलेक्टर कार्यालय में आज स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है।

ऽ राजगढ़ के ब्यावरा में कल ज़िला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार शामिल हुए।

-------